राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने श्री मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव को

राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाई

जयपुर, 6 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को राजभवन में श्री मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाई। जस्टिस श्रीवास्तव ने हिंदी में शपथ ली।

समारोह के प्रारम्भ में मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने राज्यपाल से श्री श्रीवास्तव को शपथ दिलवाने का आग्रह किया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा जारी मुख्य न्यायाधिपति की नियुक्ति अधिसूचना एवं वारंट पढ़कर सुनाया। समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी और मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं मुख्य न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव के परिजन उपस्थित रहे।

राजभवन, राजस्थान
न्यायाधिपति शपथ ग्रहण
2024

राजभव
न्यायाधिपति
नांक

याधिपति शपथ ग्रहण
2024